तापमान
अधिकतम 38 .2 डिग्री
न्यूनतम 20 .8 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार,20 अप्रैल 2024

12 तंदवाल-बनौंदी अंडरपास के निर्माण को लेकर बढ़ा विरोध



12 लोकतंत्र में प्रत्येक वोट का महत्व



## खबर संक्षेप

### देसी पिस्तौल सहित आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में आरोपी अमन उर्फ गड्डी को सीआईए टू ने काबू कर लिया है। अब उसे एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। गश्त के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी अवैध हथियार लेकर खटीक मंडी से सुभाष पार्क की तरफ पैदल आएगा। नाकाबंदी के दौरान ही पुलिस ने आरोपी को काबू कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से देशी पिस्तौल के साथ जिंदा कारतूस भी जब्त किए गए।

### दो आरोपी गिरफ्तार सात वाहन बरामद

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर क्षेत्र से चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी रजत व सागर उर्फ टिंका को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पुलिस ने चोरी के सात वाहन जब्त किए हैं। सुल्तानपुर के प्रदीप सिंह शिकायत दर्ज करवाई थी कि 1 अप्रैल 2024 को आध्या बुटिक मनाली हाउस के बाहर से किसी ने उसकी मोटरसाईकिल चोरी कर ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### हेरोइन सहित आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**अंबाला।** थाना साहा क्षेत्र के टी-प्वाइंट से पुलिस ने हेरोइन तस्करी के मामले में सीआईए-शहजादपुर ने आरोपी मोहित को पन्नी सहित 12-75 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। अब आरोपी को एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी नशा तस्करी का कार्य करता है। इसी आधार पर पुलिस ने नाकाबंदी कर आरोपी को नशे के साथ काबू किया है। अब आरोपी से गहन पूछताछ चल रही है।



### सड़क हादसे में ग्रामीण की जान गई

**पानीपत।** पानीपत के गांव सिवाह के पास जीटी रोड पर सड़क क्रॉस करते वक्त सुधीर निवासी गांव झट्टीपुर, पानीपत, मूल निवासी गांव सागडी जिला मुजफ्फरनगर, यूपी को पंजाब नंबर की बस ने टक्कर मार दी। हादसे में सुधीर की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के पुत्र सूरज की शिकायत पर हुडा सेक्टर 29 थाना पुलिस ने बस के अज्ञात चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिला दुकानदार से ठगी, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के शांति नगर में महिला दुकानदार मंजू बाला को हिप्नोटाइज कर उसकी दुकान से चार महिलाएं चोरी कर फरार हो गई। खरीदारी करने के बहाने आई चारों महिलाओं ने 72 हजार कीमत के 63 सूट चुराए और मौके से फरार हो गई। वहीं मंजू की शिकायत पर मॉडल टाउन थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरे खंगालने शुरू कर दिए हैं।

## मिड डे-मील की गुणवत्ता पर शिक्षक संघ ने जताया विरोध

### जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के साथ हुई मीटिंग में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों की जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक से एक महत्वपूर्ण मीटिंग हुई। बैठक की अध्यक्षता राजकीय के प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजेंद्र टंडन ने की। संघ के पदाधिकारियों ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को एचआरएमएस संबंधी आ रही समस्याओं से अधिकारी को अवगत कराया गया। इसके अलावा इस्कॉन द्वारा दिए जा रहे मिड डे मील को लेकर विरोध दर्ज कराया।

■ एचआरएमएस संबंधी आ रही समस्याओं से भी अधिकारी को अवगत कराया



कुरुक्षेत्र। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी से बातचीत करते राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने संघ को कहा है कि स्कूल प्रत्यक्ष सीआरसी लेवल पर एसएमसी द्वारा इस्कॉन के भोजन गुणवत्ता के बारे एक रेजोल्यूशन डाल कर संघ के पदाधिकारी को दे। संघ द्वारा अधिकारी को दिया जाएगा। नए दाखिलों में एमआईएस पर आ रही समस्याओं से अवगत कराया गया। संघ ने मांग की कि बाल वाटिका 3 के बच्चों के लिए पाठ्य सामग्री समय पर उपलब्ध कराई जाए। इसके अलावा सिंगल टीचर स्कूल में अध्यापक की व्यवस्था करने के बारे में मांग रखी गई। जिसे मौलिक शिक्षा अधिकारी ने जल्द व्यवस्था करने की बात कही। बैठक में मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष सतीश भारद्वाज, थानेश्वर प्रधान नरेश फूले, लाडवा प्रधान अमन पाल, पिहोवा उपप्रधान अजीत सिंह, गुरमेल सैनी, सुरेश मुकीमपुर, थानेसर कोषाध्यक्ष राम कुमार आदि मौजूद रहे।

### शादी का झांसा देकर महिला व युवती को किया अगवा

**यमुनानगर।** जिले में अलग-अलग स्थानों से एक महिला व युवती को शादी का झांसा देकर अगवा करने के मामले सामने आए हैं। साढौरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 16 अप्रैल को उसकी पत्नी व तीन वर्षीय बेटी रात को खाना खाकर अपने कमरे में सो गए थे। जब वह रात को उठा तो उसने देखा कि उसकी पत्नी व बेटी घर से गायब हैं। जांच करने पर पता चला कि उसकी पत्नी व बेटी को गांव का ही हनीफ शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। उधर, शहर की एक कॉलोनी निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वीरवार को उसकी 19 वर्षीय पौती किसी काम से घर से बाहर गई थी। मगर उसके बाद वापस नहीं लौटी। जांच करने पर उन्हें मालूम हुआ कि उसकी पौती को कॉलोनी का ही युवक जानिव शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

■ पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ किया केस दर्ज

## 12वीं कक्षा के छात्र पर चाकू से किया कातिलाना हमला

### पेट व पीठ पर 3 जगह लगे हैं चाकू

हरिभूमि न्यूज. अंबाला



रंजिश को लेकर 12वीं क्लास के छात्र पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में छात्र के पेट व पीठ की बाई तरफ 3 जगह चाकू लगे हैं। पेट में लगे चाकू के कारण पेट की नसें कट गई। जीएसीएच सेक्टर-32 में साढ़े 6 घंटे ऑपरेशन कर डॉक्टरों ने छात्र की जान बचाई। छात्र को 4 महीने का बैड रेस्ट करने की हिदायत दी है। मामला साहा के गांव मठ्ठिपुर का है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। नवीन सैनी ने कहा कि वह खुड्डा कलां सरकारी स्कूल में कक्षा 12वीं में पढ़ाई करता है। 4 भाई-बहन है। 16 अप्रैल को अपने दोस्त सूरज की बहन की शादी में काम धंधा कराने के लिए बाइक पर जाने को तैयार था। शिकायतकर्ता के मुताबिक उसी समय गांव तेपला का अंश अपनी एक्टिवा पर आया। उसने चाकू से पीठ में क़ातिलाना हमला कर दिया। आरोपी ने चाकू से उसकी पीठ में बाई तरफ कई वार किए। इसके पश्चात आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। उसके बाद परिजन उसे घायल अवस्था में अंबाला शहर के सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने गंभीर हालत को देखते हुए चंडीगढ़ में रेफर कर दिया। घायल युवक के पिता बलवंत सैनी ने कहा कि उसके बेटे नवीन को ज्यादा गंभीर चोटें आई हुई हैं। सेक्टर-32 के अस्ताल में साढ़े 6 घंटे ऑपरेशन चला। बेटे की आरोपी के साथ क्या रंजिश थी, इसका उन्हें पता नहीं है। साहा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत कई धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।

■ पुलिस ने एक युवक के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया

## नौ साल से फरार आरोपी को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

थाना सनौली पुलिस टीम ने गोवंश तस्करी मामले में 9 साल से फरार चल रहे आरोपी को सनौली यमुना पुल के पास से वीरवार को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान इरफान निवासी जलालाबाद शामली यूपी के रूप में हुई। सनौली थाना प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि थाना सनौली पुलिस ने 28 मई 2012 को सनौली नाका पर नाकाबंदी कर बैलों से भरा एक ट्रक पकड़ मौके से गौ तस्कर आरोपी इरफान निवासी जलालाबाद, साजिद निवासी कैराना, रिजवान निवासी भगरा शामली यूपी व ट्रक ड्राइवर शहजाद निवासी मलकपुर कैराना शामली यूपी को गिरफ्तार किया था। ट्रक से 13 बैल बरामद हुए थे। चारों कुछ दिन बाद बेल पर बाहर आ गए फिर आरोपी इरफान फरार हो गया था। न्यायालय द्वारा आरोपी इरफान को 25 मई 2015 को पीओ घोषित किया गया था।

■ जेल से बेल पर बाहर आने के बाद आरोपी इरफान फरार हो गया था

### हत्या के केस में भागौड़ा आरोपी पकड़ा

पानीपत। सीआईए थ्री पुलिस टीम ने पत्नी की हत्या मामले में न्यायालय से पीओ घोषित आरोपी विनोद निवासी विजय नगर को सोनीपत के मोई माजरी गांव से गिरफ्तार किया। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि आरोपी विनोद के खिलाफ पत्नी की हत्या का थाना किला में वर्ष 2019 में अभियोग दर्ज है। वारदात के कुछ दिन बाद ही पुलिस ने आरोपी विनोद को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जहा से उसे जेल भेज दिया था। आरोपी करीब 6 महीने बाद नवम्बर 2019 में जेल से बेल पर बाहर आ गया था। न्यायालय में निर्धारित तारिखों पर ना पहुंचने पर आरोपी विनोद को माननीय न्यायालय ने मई 2023 में पीओ घोषित किया था। आरोपी के खिलाफ थाना किला में आईपीसी की धारा 174ए के तहत अभियोग दर्ज किया गया था।

## तरावड़ी में लावारिस घूम रहे घोड़ों से शहरवासी परेशान

### कई लोगों को घायल कर चुके, नपा से शिकायत के बावजूद नहीं हो रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



तरावड़ी। आवारा घोड़ो को गली से बाहर निकलते हुये लोग। फोटो : हरिभूमि

तरावड़ी में आवारा घुम रहे दर्जनों घोड़ों से पूरा शहर परेशान है व डर के माहौल में जी रहे है। यह घोड़े कई लोगों को घायल कर चुके हैं और परेशान लोग कई बार नगरपालिका जाकर घोड़ों को पकड़ने की गुहार लगा चुके हैं। नगरपालिका अधिकारी इन घोड़ा मालिकों के खिलाफ कार्रवाही करने में लाचार नजर आ रही है, क्योंकि घोड़ा मालिकों को हर बार राजनैतिक संरक्षण मिल जाता है। इसलिए घोड़ों का आतंक जारी हैं। शहरवासी अमित लाम्बा, हनुमत सिंह, सरदारी लाल, गुरमुख सिंह, विजय जांगड़ा व अशोक कुमार का कहना है कि चार से पांच घोड़ों का दल हमेशा शहर में घुमता है जो कि कई बार संकरी सड़कों से यह बड़ी तेजी से भागते हैं और इस दौरान जो भी आदमी या बच्चा इनकी चपेट में आ जाता है उसे घायल कर देते हैं। यही कारण है कि अभी तक दर्जनों लोग इनकी चपेट में आकर घायल हो चुके है। इन लोगों का कहना है कि पहले भी कई बार वह नगरपालिका जाकर इन्हें पकड़ने के लिए कह चुके हैं और इस पर कार्रवाई करते है नपा ने घोड़ों को पकड़ा भी, लेकिन हर बार बिना किसी बड़े जुर्माने आदि के राजनैतिक दबाव के चलते हर बार छोड़ दिया गया। इन लोगों का कहना है कि इसके चलते आवारा पशुओं को पकड़ने वाले सफाई कर्मचारी भी काफी निराश है।

■ राजनीतिक संरक्षण के चलते नपा मौन

### नगरपालिका ने पकड़ा है

इस बारे में नगरपालिका सचिव अजीत कुमार का कहना है कि घोड़ों के मालिकों ने घोड़ा बग्गी भी अतिक्रमण कर सड़क पर खड़ी की हुई थी जिसे नगरपालिका ने पकड़ रखा है और तब तक नहीं छोड़ा जाएगा जब तक जुर्माना नहीं भरा जाता और शपथ पत्र नही दिया जाता कि भविष्य में घोड़ों को बाहर नही छोड़ा जाएगा।

## युवकों ने दो दोस्तों को पीटकर किया घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के मॉडल टाउन स्थित गैस एजेंसी के नजदीक चार युवकों ने दो दोस्तों को पीटकर घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार शांति कॉलोनी निवासी अभिषेक ने बताया कि वह वीरवार को अपने दोस्त अशोक कुमार के साथ बाइक पर मॉडल टाउन में किसी काम से जा रहा था। जब वह गैस एजेंसी के नजदीक पहुंचे तो चिट्टा मंदिर निवासी विनय व सचिन ने उनकी बाइक को रोक लिया। इस दौरान वहां पर शांति कॉलोनी निवासी सुरज व सचिन भी आ गया। चारों आरोपियों ने उन दोनों के साथ मारपीट शुरू कर दी। जिससे वह घायल हो गए। इस दौरान उसकी जेब से तीन हजार रुपये व उसके दोस्त अशोक के गले से चांदी की चेन भी नहीं मिली। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

■ पुलिस ने चार आरोपी युवकों के खिलाफ किया केस दर्ज

### मोबाइल मांगने पर किया हमला

दौलतपुर निवासी फारूख ने बताया कि उसने इनाम से मोबाइल लेने के लिए तीन हजार दिए थे। इसके बाद आरोपी उसके पास से डाटा निकालने के लिए मोबाइल लेकर चला गया था। जब उसने आरोपी से मोबाइल मांगा तो उसने अपने परिवार के सदस्यों जमाल व इरफान के साथ मिलकर उस पर कस्सी के विंडे से हमला कर दिया।

## विद्यार्थियों को प्रतिभा दिखाने के लिए गतिशील मंच प्रदान करता क्रोइसैन्स: प्रो. शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट का प्रमुख व्यावसायिक और सांस्कृतिक उत्सव, क्रोइसेंस 2024, का बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम, वॉक ऑफ फेम शो के साथ संपन्न हुआ। समापन समारोह के मुख्यातिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा ने कहा कि यह अनोखा आयोजन सबसे प्रतिष्ठित संस्थानों के प्रतिभागियों को एक साथ लाने और व्यावसायिक कौशल, संगीत, नृत्य, क्विजिंग, खेल, खाना पकाने, पेंटिंग, रचनात्मकता और साहित्य गतिविधियाँ में अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक गतिशील मंच प्रदान करता है। यूएसएम की इवेंट डायरेक्टर और चेयरपर्सन प्रोफेसर निर्मला चौधरी ने कहा कि यह विभाग की समग्र दृष्टि का एक प्रमाण है, जो अकादमिक कौशल और पाठ्येतर दक्षताओं दोनों का पोषण करता है। तीन दिवसीय उत्सव जिसे पूरे क्षेत्र में प्रतिभागियों और दर्शकों के सबसे बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रमों में से एक माना जाता है,। उत्सव के तीसरे दिन शार्क टैंक (बिजनेस प्लान प्रतियोगिता), एकल नृत्य और स्टैंडअप कॉमेडी जैसी गतिविधियाँ मुख्य आकर्षण बना रही। समापन एक भव्य सम्मान समारोह के साथ हुआ जहां विजेताओं को नकद पुरस्कार, प्रमाण पत्र और पदक प्रदान किए गए।

■ विजेताओं को नकद पुरस्कार, प्रमाण पत्र और पदक प्रदान किए गए



कुरुक्षेत्र । क्रोइसेंस 2024 कार्यक्रम में विजेता प्रमाण पत्र के साथ।

## देवर ने किया भाभी के साथ दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर की एक कॉलोनी में देवर ने अपनी भाभी के साथ दुष्कर्म किया। महिला के विरोध करने पर आरोपी ने अपने भाई के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की और उसकी वीडियो वायरल करने की धमकी दी।

जानकारी के अनुसार शहर की एक कॉलोनी निवासी 32 वर्षीय महिला ने बताया कि सौरव कुमार उसके घर के पास ही रहता है। रिश्ते में सौरव उसका देवर लगता है। गत 16 जनवरी की रात को उसके परिवार के सदस्य किसी काम से बाहर गए थे। वह घर पर अकेली थी।

इस दौरान सौरव उनके घर पर आया। आरोपी ने उसे घर पर अकेला पाकर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी उसे इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर चला गया। उसने डर के कारण घटना के बारे में किसी को नहीं बताया। मगर इसके बाद आरोपी फिर से उस पर संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा। जब उसने विरोध किया तो आरोपी ने अपने भाई राहुल के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की। आरोपियों ने उसे वीडिया वायरल करने की भी धमकी दी। परेशान होकर उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 323, 376, 506 व 452 के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

■ विरोध करने पर आरोपी ने अपने भाई के साथ मिलकर की पीड़िता के साथ मारपीट

### होनहार खिलाड़ी गौरिश ने राष्ट्रीय स्तर पर करनाल का नाम रोशन किया

## गौरिश बने स्वच्छ भारत अभियान के ब्रांड अंबेसडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल के होनहार खिलाड़ी गौरिश राणा को नगर निगम करनाल की ओर से स्वच्छ भारत अभियान का ब्रांड अंबेसडर नियुक्त किया गया है। बता दें कि गौरिश राणा ने स्टेट ओपन लॉन टैनिस टूर्नामेंट में अंडर-10 में प्रथम स्थान हासिल किया था। इसके अलावा हरियाणा स्टेट चैंपियनशिप 2022 में प्रथम स्थान हासिल किया था व 2023 में भी गौरिश राणा विजेता रहे थे। यह जानकारी जसबीर राणा ने दी। उन्होंने बताया कि गौरिश दयाल सिंह पब्लिक स्कूल सेक्टर-7 का छात्र है। गौरिश करनाल का एक होनहार खिलाड़ी जिसने प्रदेश ही नहीं राष्ट्रीय स्तर पर करनाल का नाम रोशन किया है। अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने गौरिश राणा को ब्रान्ड अंबेसडर नियुक्त किया। मुख्यमंत्री नायब सैनी की पत्नी सुमन सैनी ने भी गौरिश को बधाई दी है। उन्होंने बताया कि गौरिश ने आल इंडिया टेनिस एसोसिएशन की ओर से आयोजित ऑल इंडिया रैंकिंग टेनिस टूर्नामेंट में अंडर-12 सेमी फानल में भी विनर रहे थे। जयपुर में आइटा की ओर से आयोजित चैंपियनशिप में भी अंडर-12 में फर्स्ट रनर अप रहे। गौरिश राणा की उपलब्धियों को देखते हुए नगर निगम करनाल की ओर गौरिश राणा को स्वच्छ भारत अभियान का ब्रांड अंबेसडर बनाया गया।



होनहार खिलाड़ी गौरिश राणा को नगर निगम करनाल की ओर से स्वच्छ भारत अभियान का ब्रांड अंबेसेडर नियुक्त किए जाने पर बधाई देते हुए।

### गौरिश राणा को दी बधाई

गौरिश राणा को विधायक हरविंद्र कल्याण, निवर्तमान मेयर रेनूबाला गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, समाजसेवी बृज गुप्ता, एडवोकेट भूपेंद्र सिंह राठौर, दयाल सिंह पब्लिक स्कूल प्रिंसिपल शालिनी नारंग, राजपूत सभा के प्रधान डा. एनपी सिंह, राणा अकेडमी से जोगद्रिं राणा, हरियाणा ब्राह्मण खाप के प्रदेशाध्यक्ष अशोक शर्मा, टेनिस कोच आकाश नागर, ब्राह्मण सभा के जिला प्रधान सुरेंद्र बड़ौता, समाजसेवी एसपी चौहान, डा. जयदीप आर्य, सुनील गुप्ता गऊशाला प्रधान, पवन गर्ग खादी ग्राम उद्योग संघ हरियाणा, अग्रवाल समाज के युवा उप प्रधान पंकिल गोयल व पंकज गोयल ने बधाई दी।

## कुरुक्षेत्र विवि को गैर-सर्जिकल कैंसर उपचार के लिए पेटेंट प्रदान किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के रसायन विभाग के प्रोफेसर पवन शर्मा तथा जूलोजी विभाग के शिक्षक डॉ. जितेंद्र भारद्वाज के ट्राइजोलोथियाजोलिल-ट्रायजोल व्युत्पन्न एपोप्टोसिस इंड्यूसिंग कंपोजिशन के पेटेंट को कुवि के नाम पर प्रदान किया गया है। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कुवि शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि कुवि शोध के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण कार्य के लिए व शोध को उच्च स्तर तक ले जाने के लिए कटिबद्ध है। इसके लिए शिक्षकों को बेहतर शोध कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है ताकि शोध के क्षेत्र में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय भी देश-विदेश के बेहतर विश्वविद्यालयों के साथ शोध की गुणवत्ता के सभी मापदंडों पर खरा उतर सके। उन्होंने कहा कि पेटेंट विशेषज्ञ आईपीआर आनरेरी प्रोफेसर डॉ. रमेश कुमार मेहता के अमूल्य योगदान के माध्यम से पेटेंट दाखिल करने की सुविधा केयू शिक्षकों को प्रदान की जा रही है।

### कैंसर सबसे भयानक बीमारियों में से एक

डॉ. जितेन्द्र भारद्वाज ने बताया कि वर्तमान आविष्कार कैंसर के उपचार के लिए एपोप्टोसिस उत्प्रेरण संरचना से संबंधित है। कैंसर मानव जाति के लिए सबसे भयानक बीमारियों में से एक है और यह दुनिया भर में सबसे अधिक इसके मरीज भी हैं। उन्होंने बताया कि कैंसर से जुड़े लक्षणों में से एक अनियंत्रित कोशिका प्रसार के दौरान हाइपोक्सिया की स्थिति का विकास है जो ट्यूमर की वृद्धि कारक है। उन्होंने बताया कि गैर-सर्जिकल, गैर-विशिष्ट और प्रतिरक्षात्मक रूप से गौण होने के कारण, एपोप्टोसिस आणविक रूप से कोशिका को नियंत्रित करने का प्रतिनिधित्व करता है। इसलिए शक्तिशाली एपोप्टोसिस प्रेरण प्रभावकारिता से सम्पन्न नवीन कार्बनिक अणुओं के विकास को कैंसर के उपचार के लिए एक उपयोगी दृष्टिकोण माना जा रहा है। इसके लिए नवीन कार्बनिक अणुओं को विकसित करने के लिए एपोप्टोसिस उत्प्रेरण में वृद्धि का होना जरूरी है। वर्तमान आविष्कार का मुख्य उद्देश्य नवीन संरचना और एपोप्टोसिस को प्रेरित करने में सक्षम फार्मास्युटिकल संरचना प्रदान करके कैंसर की समस्या को हल करना है।

## खबर संक्षेप



### भारतीय धरोहरों को लेकर कार्यक्रम का आयोजन

**रादौर।** मुकंदलाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल रादौर में शुक्रवार को भारतीय ऐतिहासिक धरोहरों के विषय को लेकर विशेष गतिविधि आयोजित करवाई गई। बच्चों को धरोहरों के ऐतिहासिक महत्व एवं आर्थिक दृष्टि से इनके महत्व व उनकी देखरेख को लेकर जितनी भी चुनौतियां सामने आती हैं, उनके विषय में जानकारी दी गई। ऐतिहासिक धरोहरों को विश्व संगठन यूनेस्को द्वारा किस तरह से मान्यता प्रदान की जाती है। यह जानकारी भी बच्चों को दी गई। अंत में बच्चों से विषय से संबंधित प्रश्नोत्तरी की गई जिसका बच्चों ने बड़ी ही उत्सुकता से जवाब दिया।

### गैर इरादतन हत्या मामले का आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** जिला पुलिस ने गैर इरादतन हत्या मामले में शामिल आरोपी शुभम पुत्र माया राम वासी सौदागर मौहल्ला थानेसर को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 15 अप्रैल को पुलिस को सूचना मिली थी कि सेक्टर-17 में रेहड़ी मार्किट के पास कपड़े में लिपटी एक लाश मिली है। सूचना पर पुलिस टीम व पुलिस अधिकारी मौका पर पहुंचे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की तथा परिवारजनों को सूचित किया। परिजनों के सहयोग से लाश को एलएनजेपी हस्पताल कुरूक्षेत्र पहुंचाया जहां पर डाक्टरों ने चैक करने पर मृत घोषित कर दिया। मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के हवाले किया गया। मृतक के भाई सुरेन्द्र पुत्र नरसिंह वासी सुन्दरपुर की शिकायत पर थाना कृष्णा गेट में धारा 302 आईपीसी व एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज करके जांच डीएसपी मुख्यालय अशोक कुमार को दी गई। टीम ने गैर इरादतन हत्या मामले के आरोपी शुभम को गिरफ्तार कर लिया।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने केबल ऑपरेटर व सिनेमाघर संचालकों को दिए निर्देश

# एमसीएमसी कमेटी की अनुमति से ही किया जा सकेगा विज्ञापनों का प्रसारण

नियमों की अवहेलना करने पर संबंधित व्यक्ति या व्यक्तियों के खिलाफ की जाएगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। जिला सचिवालय में अपने कार्यालय में जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अनुपालना में जिला में जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) बनाई गई है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्वयं इस कमेटी के चेयरमैन हैं।

जिला में कोई भी केबल ऑपरेटर व सिनेमा घर संचालक बिना एमसीएमसी कमेटी की अनुमति व प्रमाण पत्र के केबल व सिनेमा घर में किसी भी प्रकार का विज्ञापन नहीं चला सकता है। उक्त जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी। जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 को पारदर्शिता, शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने के लिए सभी नागरिकों को भारत निर्वाचन आयोग व मुख्य निर्वाचन आयोग हरियाणा के आदेशों की पालना करनी होगी। इसके साथ ही जिला के सभी केबल ऑपरेटरों को एमसीएमसी कमेटी के माध्यम से समय समय पर दिए जाने वाले निर्देशों का पालन निर्धारित समय पर करना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि कमेटी केबल चैनलों की गहनता से मॉनिटरिंग करेगी और केबल पर चलने वाले प्रत्येक विज्ञापन पर एमसीएमसी कमेटी की कड़ी नजर रहेगी। इसी प्रकार प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को भी अपने द्वारा प्रकाशित किए जाने वाले पंफलैट, पोस्टर व बैनर आदि का विवरण जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा करवाना होगा। चुनाव प्रक्रिया के दौरान केबल ऑपरेटर और सिनेमा हॉल संचालक एमसीएमसी कमेटी के प्रमाण पत्र के बगैर किसी भी विज्ञापन का प्रसारण नहीं कर सकते हैं।

### नियमों का उल्लंघन करने पर होगी कार्रवाई

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि यदि केबल ऑपरेटर व सिनेमा घर संचालक द्वारा नियमों का उल्लंघन किया जाता है या केबल ऑपरेटर व सिनेमा संचालक के खिलाफ कोई शिकायत आती है तो तुरंत उस केबल ऑपरेटर व सिनेमा संचालक के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कमेटी द्वारा विज्ञापन के लिए जारी किए जाने वाले प्रमाण पत्र पर संबंधित सक्षम अधिकारी की मोहर व हस्ताक्षर होंगे और साथ ही विज्ञापन की सीडी पर भी मोहर व हस्ताक्षर होंगे। केबल ऑपरेटर को विशेष ध्यान रखना है कि केवल मोहर व हस्ताक्षर वाली सीडी को ही विज्ञापन के तौर पर चलाना है। सभी केबल ऑपरेटरों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित नियमों सहित केबल टीवी नेटवर्क रेगुलेशन एक्ट की पालना सुनिश्चित करनी है। उन्होंने बताया कि विज्ञापन प्रसारण के लिए संबंधित उम्मीदवार को एनेक्सचर ए में आवेदन करना होगा। जिस पर विचार करके एमसीएमसी कमेटी विज्ञापन प्रसारण के लिए एनेक्सचर बी फार्म में प्रमाण पत्र देगी। विज्ञापन प्रसारण का प्रमाण पत्र लेने के लिए आवेदनकर्ता को प्रसारित किए जाने वाले विज्ञापन की दो प्रतियां सीडी में देनी होंगी। साथ ही सीडी में दी गई प्रचार सामग्री की स्क्रिप्ट की दो प्रतियां भी आवेदन के साथ जमा करवानी होंगी। विज्ञापन प्रमाण पत्र के लिए प्राप्त आवेदनों पर एमसीएमसी कमेटी तीन दिन के अंदर फैसला लेगी। अगर किसी विज्ञापन के प्रसारण पर कमेटी को आपत्ति है तो वह आवेदन को निरस्त कर सकती है या फिर विज्ञापन को दुरुस्त करने के लिए संबंधित उम्मीदवार को लिख सकती है। इसके लिए संबंधित पक्ष को 24 घंटे का समय दिया जाएगा और उसे विज्ञापन को दुरुस्त करके दोबारा आवेदन कमेटी के समक्ष प्रस्तुत करना होगा।



यमुनानगर। गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज फॉर फॉर्मेसी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शपथ लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# विद्यार्थियों ने मतदान में पूर्ण भागीदारी निभाने की ली शपथ

- गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज फॉर फार्मेसी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज फॉर फॉर्मेसी में स्वीप व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी पहल के तहत शुक्रवार को छात्र जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने मतदान में अधिक से अधिक संख्या में मतदाताओं को हिस्सा दिलाने और स्वयं भी पूर्ण भाग लेने की शपथ ली। प्रिंसीपल डॉ.कुमार गौरव ने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी कैप्टन मनोज कुमार के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने चुनावी प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के महत्व पर जोर दिया और बताया कि कैसे सूचित और प्रतिबद्ध युवा देश के भविष्य को आकार देने में योगदान दे सकते हैं। जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को चुनावी प्रक्रिया के बारे में शिक्षित करना है जिससे वे चुनाव के दौरान सूचित निर्णय लेने में सक्षम हो सकें। उन्होंने नागरिक जागरूकता को बढ़ावा देने और युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए सशक्त बनाने के लिए कॉलेज की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने इस पहल के लिए अपने समर्थन पर जोर दिया और छात्रों को सक्रिय रूप से लोकतंत्र में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया। शपथ समारोह के कॉलेज के इलेक्ट्रो लिटरेसी क्लब ने चुनाव में मतदान करने की शपथ ली और साथ ही मौजूदा लोगों को मतदान अधिकार के प्रति जागरूक किया। मौके पर डॉ.अंजलि शर्मा, प्रो.गुरदित्ता, प्रो.विकास शर्मा, केशव शर्मा आदि मौजूद थे।

# कटारिया ने चलाया जनसंपर्क अभियान

- देश को विकसित बनाने के लिए सभी का सहयोग जरुरी : बंतो

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। जनसंपर्क के दौरान बंतो कटारिया का स्वागत करते हुए ग्रामीण।

भारत को विकसित बनाने के लिए सभी का सहयोग जरुरी है। उक्त शब्द भाजपा की अंबाला से लोकसभा प्रत्याशी बंतो कटारिया ने शुक्रवार को यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र में दर्जनों गांव में जनसंपर्क के दौरान कहे। मौके पर सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा भी मौजूद रहे। बंतो कटारिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में व उनके अथक प्रयासों की वजह से आज देश मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने सभी से देश हित में भाजपा का साथ देने के लिए आर्शीवाद और समर्थन मांगा। इस दौरान उन्होंने बलाचौर, भूखड़ी, अमादलपुर, दयाल गढ़, भोगपुर, कैंप एरिया, हरबंसपुरा, आजाद नगर, योगेश नगर व प्रोफेसर कॉलोनी समेत दर्जन भर स्थानों पर जनसंपर्क किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाएं प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला गैस योजना, जनधन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से देश और अंबाला क्षेत्र की जनता को लाभ पहुंचा है। मौके पर सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने देश को विकासशील से विकसित देशों की श्रेणी में खड़ा किया है।

मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा, पूर्व मेयर मदन चौहान, मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार व भाजपा नेता देवेंद्र चावला आदि मौजूद रहे।

# नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर हुई कार्यशाला

- नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का पूर्ण ज्ञान होना विद्यार्थी के लिए अति आवश्यक : डॉ.चावला

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। महाराजा अग्रसैन महाविद्यालय में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आयोजित कार्यशाला में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय जगाधरी में एडमिशन कमेटी एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रुप में कमेटी के प्रभारी डॉक्टर विजय चावला ने भाग लिया। जबकि कार्यशाला का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्या डॉ. करुना ने किया। मुख्य वक्ता डॉ. विजय चावला ने विद्यार्थियों को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह नहीं कि हमारी पुरानी शिक्षा नीति खराब थी। मगर पुरानी शिक्षा नीति में जिन सुधारों की आवश्यकता थी उन सुधारों को ध्यान में रखते हुए नए राष्ट्रीय शिक्षा नीति का गठन किया गया। डॉक्टर चावला ने पुरानी शिक्षा नीति एवं नई शिक्षा नीति के बीच में क्या अंतर है के बारे में विद्यार्थियों को विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि जब तक विद्यार्थी को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का पूर्ण ज्ञान नहीं होगा वह चाहते हुए भी सही ढंग से पढ़ाई नहीं कर पाएगा। इसलिए हमें नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का पूर्ण ज्ञान होना अति आवश्यक है। कॉलेज प्राचार्या डॉ. करुना ने बताया कि कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी से मान्यता प्राप्त सभी महाविद्यालयों में शिक्षा नीति 2023-24 से पूरी तरह लागू हो चुकी है। जो नया विद्यार्थी दाखिला लेने के लिए महाविद्यालय में आएगा उसको नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को समझने में किसी तरह की कोई समस्या ना आए के लिए इस वर्कशाप का आयोजन किया गया है। मौके पर डॉक्टर बहादुर सिंह व मैडम गुनीत आदि ने भी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर अपने विचार रखे।



यमुनानगर। सरकारी कॉलेज रादौर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी।

# नारा लेखन प्रतियोगिता में संतोष रहा प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

ज्योतिबा फुले सरकारी कॉलेज में शुक्रवार को लीगल लिटरेसी सेल के तहत निबंध लेखन प्रतियोगिता, नारा लेखन प्रतियोगिता, कविता पाठ प्रतियोगिता व चित्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नारा लेखन प्रतियोगिता में संतोष प्रथम, मुस्कान द्वितीय व शिवानी तृतीय स्थान पर रही। कविता पाठ प्रतियोगिता में ललित प्रथम, रॉबिन द्वितीय व कविता तृतीय स्थान पर रही। इसी तरह निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रीत कौर प्रथम, बलप्रीत द्वितीय व मुस्कान तृतीय स्थान पर रही। जबकि चित्रकला प्रतियोगिता में कोमल प्रथम, नेहा द्वितीय व संतोष तृतीय स्थान पर रहे। कॉलेज प्राचार्य चंचल रानी ने सभी विजेताओं को बधाई दी और कहा कि इस प्रकार के आयोजनों में विद्यार्थियों को बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। जिससे उनका सर्वांगीण विकास हो सके। मौके पर डॉ.राजेंद्र कुमार, डॉ.संजीव गांधी, प्रोफेसर सतपाल, प्रोफेसर निर्मला आदि मौजूद थे।

# सुप्रिया ने टॉप टेन में हासिल किया उत्कृष्ट स्थान

- गुरु नानक खालसा कॉलेज में छात्रा सुप्रिया का प्राचार्य समेत स्टॉफ सदस्यों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। गुरु नानक खालसा कॉलेज में छात्रा सुप्रिया का स्वागत करते हुए प्राचार्य व स्टॉफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

गुरु नानक खालसा कॉलेज की एम.कॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा सुप्रिया ने हाल ही में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षाओं में टॉप टेन में प्रतिष्ठित स्थान हासिल कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। शुक्रवार को छात्रा सुप्रिया का कॉलेज प्राचार्य डॉ. मेजर एचएस कंग व स्टॉफ सदस्यों ने जोरदार स्वागत किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. मेजर एचएस कंग ने छात्रा सुप्रिया को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि छात्रा सुप्रिया की मेहनत और उनके प्राध्यापकों द्वारा दिए ज्ञान का प्रतिफल है। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों को भी सुप्रिया द्वारा कुवि की परीक्षा में टॉप टेन में प्रतिष्ठित स्थान बनाने से प्रेरणा लेकर अपने परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट सफलता हासिल कर कॉलेज व अपने अभिभावकों का नाम रोशन करना चाहिए। इस अवसर पर विभाग की डीन डॉ. जसविंदर कौर ने इस शैक्षणिक उपलब्धि को हासिल करने में उनके परिश्रम और दृढ़ता की सराहना की। कॉलेज की वाइस प्रिंसिपल डॉ. कमलप्रीत कौर, डॉ. अशोक खुराना, डॉ. राजिंदर सिंह वोहरा, डॉ. शवेता और प्रो. जसप्रीत सिंह ने छात्रा सुप्रिया को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर ने कॉलेज की ओर से सुप्रिया को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों के भविष्य को आकार देने में शैक्षणिक उत्कृष्टता के महत्व पर जोर दिया।

# आदि गुरु शंकराचार्य की जयंती 25 को

- आदि गुरू शंकराचार्य अद्वैत वेदान्त के संस्थापक और हिन्दू धर्म प्रचारक थे
- उनके प्रयासों ने हिंदू धर्म को नव चेतना प्रदान किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



यमुनानगर। जयंती महोत्सव की जानकारी देते महंत दंडी स्वामी महेशाश्रम महाराज। फोटो : हरिभूमि

श्री नागेश्वर धाम मंदिर पक्का घाट रादौर में 25 अप्रैल को आदि गुरू शंकराचार्य की जयंती मनाई जाएगी। जिसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंदिर के महंत दंडी स्वामी महेशाश्रम महाराज ने बताया कि आदि शंकराचार्य एक महान हिन्दू दार्शनिक एवं धर्मगुरु थे। आदि शंकराचार्य जी का जन्म 788 ईसा पूर्व केरल के कालड़ी में एक नंबूदरी ब्राह्मण परिवार में हुआ था। इसी उपलक्ष में वैशाख मास की शुक्ल पंचमी के दिन आदि गुरु शंकराचार्य जयंती मनाई जाती है। इस वर्ष आद्यगुरू शंकराचार्य जयंती वीरवार 25 अप्रैल को मनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इन्हें भगवान शंकर का अवतार माना जाता है। यह अद्वैत वेदान्त के संस्थापक और हिन्दू धर्म प्रचारक थे। आदि शंकराचार्य जीवनपर्यंत सनातन धर्म के जीर्णोद्धार में लगे रहे। उनके प्रयासों ने हिंदू धर्म को नव चेतना प्रदान की। उन्होंने बताया कि आदि शंकराचार्य जयंती के अवसर पर शहर में पूजा पाठ का आयोजन किया जाएगा।

## आयोजन

### डीएवी गर्ल्स कॉलेज में हुआ एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन

# जीवन में सफल होने के लिए अपने अंदर गुणों का विकास करना जरूरी : अंकुर

व्यक्तित्व विकास के लिए छात्राओं को खुद सोचना और प्रयास करना होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। डीएवी गर्ल्स कॉलेज में आयोजित एक्सटेंशन लेक्चर में छात्राओं को संबोधित करते मुख्यवक्ता। फोटो : हरिभूमि

डीएवी गर्ल्स कॉलेज यमुनानगर के वाणिज्य विभाग द्वारा व्यक्तित्व विकास एवं संचार कौशल विषय पर एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया। जिसमें बुल्सआई चंडीगढ से आए अंकुर ग्रोवर मुख्य वक्ता रहे। कॉलेज की कार्यवाहक प्रिंसिपल डॉ. मीनू जैन ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम वाणिज्य विभाग अध्यक्ष सुरिंद्र कौर की देखरेख में हुआ। अंकुर ग्रोवर ने कहा कि व्यक्तित्व विकास के लिए शारीरिक गुणों के साथ-साथ विचारों और व्यवहार में सकारात्मकता जरूरी है। जन्म से ही कोई भी व्यक्ति, व्यक्तित्व लेकर पैदा नहीं होता, परंतु जीवन में सफल होने के लिए अपने अंदर गुणों को विकसित करना पड़ता है। शारीरिक रूप से सुंदर और इंटेलीजेंट होना यह व्यक्तित्व का सिर्फ एक ही पहलू है, लेकिन व्यक्तित्व विकास के लिए ज्ञान का सही तरह से उपयोग करना बहुत ही आवश्यक होता है। उन्होंने कहा कि विषयों के पूर्ण ज्ञान, कुशल व्यवहार और सजगता से ही सफल व्यक्तित्व का निर्माण हो सकता है। व्यक्तित्व विकास के लिए छात्राओं को खुद सोचना और प्रयास करना होगा। किसी भी चीज का विकास अकेले नहीं होता, इसके लिए टीम वर्क की जरूरत पडती है। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे आत्मसम्मान पर ध्यान दें। जीवन में सफल होने के लिए बेहतर कौशल संचार व नॉलेज का होना जरूरी है।

### व्यक्तित्व विकास के लिए आत्मविश्वास बढ़ाना जरूरी

डॉ. मीनू जैन ने कहा कि व्यक्तित्व विकास के लिए आत्मविश्वास बढ़ाना बेहद जरूरी है। जिन लोगों के पास आत्मविश्वास नहीं होता, स्वयं पर विश्वास नहीं होता उनका मनोबल बहुत ही निम्न होता है। वे सदैव शंकित रहते हैं कि किसी कार्य को कर पाएंगे या नहीं। अच्छी पुस्तकें व महापुरुषों की जीवनी पढ़ने से भी व्यक्तित्व विकास होता है।

# गर्मी में खानपान में बरते ऐहतियात

- शहर के कैंप स्थित निर्मल अस्पताल में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन
- शिविर में की 180 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। नस्वास्थ्य जांच शिविर में अस्थमा रोगियों की जांच करते चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

मौसम में बढ़ रहे तापमान की वजह से अस्थमा, सांस व शुगर जैसी बीमारियों से बचने के लिए लोगों को अपने खान पान पर विशेषकर ध्यान देना चाहिए। गर्मी के मौसम में बाहरी खाद्य पदार्थों व तली हुई चीजों को खाने से परहेज करना चाहिए। उक्त शब्द अस्थमा रोग विशेषज्ञ डॉ. निर्मल सिंह ने शुक्रवार को शहर के कैंप स्थित निर्मल अस्पताल में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में कहे। मौके पर बाल रोग विशेषज्ञों ने बच्चों के स्वास्थ्य की भी जांच की। शिविर में अस्थमा व दमा रोग विशेषज्ञ डॉ. निर्मल सिंह के नेतृत्व में कुशल चिकित्सकों की टीम ने 180 मरीजों की जांच कर उन्हें मुफ्त दवाइयां दी गई। इस दौरान अधिकांश मरीज सांस, अस्थमा, हृदय व दमा रोग के पाए गए। अस्थमा रोग विशेषज्ञ डॉ. निर्मल सिंह ने बताया कि आजकल मौसम के तापमान में बढ़ौत्तरी हो रही है। जिसकी वजह से सांस, दमा, हृदय, अस्थमा व शुगर के मरीजों को ऐहतियात बरतने की जरूरत है। डॉ. निर्मल सिंह ने बताया कि अस्पताल में पिछले तेरह वर्षों से हर माह निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन कर लोगों की सेवा की जा रही है। उन्होंने जिला वासियों से शिविर में पहुंचकर लाभ उठाए जाने की अपील की।

## खबर संक्षेप

### बाढ़ बचाव प्रशिक्षण शिविर का समापन आज

**कुरुक्षेत्र।** राजस्व विभाग की तरफ से राज्य स्तरीय बाढ़ बचाव प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 15 अप्रैल से 20 अप्रैल 2024 तक ब्रह्मसरोवर पर किया गया। इस शिविर में करीब 150 प्रशिक्षणार्थियों भाग ले रहे हैं। इस प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह 20 अप्रैल को प्रातः 10 बजे किया जाएगा। यह जानकारी जिला राजस्व अधिकारी विकास सिंहरोहा ने दी है।

### श्याम संकीर्तन एवं भंडारा आयोजित

**थानेसर।** श्रीखाटू श्याम परिवार सेवा समिति (रजि.), खाटू धाम कुरुक्षेत्र द्वारा श्याम कॉलोनी में श्री श्याम संकीर्तन एवं भंडारा आयोजित किया गया। श्री श्याम मंदिर (कुरुक्षेत्र धाम) के मुख्य पुजारी आचार्य शंभु प्रसाद और महासचिव रमेश शर्मा ने बताया कि आयोजक इंद्र कुमार वर्मा परिवार ने श्याम पूजन किया। संकीर्तन में गायक भारत उमेश और हर्ष गोयल ने श्याम भजनों से समां बांधा। साथ ही हनुमान जी के भी भजन सुनाए गए।

### विद्यार्थियों को करियर संबंधी दी जानकारी

**कुरुक्षेत्र।** दी इंस्टिट्यूट आफ कॉस्ट एकाऊटेंटस आफ इंडिया की करनाल शाखा की ओर से भगवान परशु राम कालेज, कुरुक्षेत्र के सहयोग से ग्रजुऐशन और पोस्ट ग्रेजुएशन कर रहे स्टूडेंटस के लिए कैरियर काउंसलिंग प्रोग्राम आयोजित किया, जिसमें सीएस विधु मित्तल ने विद्यार्थियों को कामर्स एड्यूकेशन से संबंधित करियर विकल्पों के साथ-साथ सीएस कोर्स में एडमिशन के लिए भी प्रेरित किया। सीएस विधू मित्तल ने यह भी बताया कि किस प्रकार विद्यार्थी इन विकल्पों का इस्तेमाल करके आने वाले समय में एक उचित रोजगार पा सकता है।

### मुख्यमंत्री नायब सैनी आज करनाल पहुंचेंगे

**करनाल।** प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी नायब सैनी 20 अप्रैल शनिवार को करनाल पहुंचकर विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे और कार्यकर्ताओं से भी रूबरू होंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सैनी करनाल विधानसभा उप चुनाव व लोकसभा चुनाव को लेकर जनता के बीच पहुंचेंगे। यह जानकारी भाजपा कार्यालय से रवि शर्मा ने दी।

### प्लेसमेंट ड्राइव में 180 विद्यार्थियों ने लिया भाग

**करनाल।** पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्लेसमेंट सैल की ओर से आयोजित इस ड्राइव में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं के 180 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्राचार्या डॉ. रेखा त्यागी ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव में वृंदा ग्लोबल और आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को लिखित परीक्षा, ग्रुप डिस्कशन एवं साक्षात्कार के आधार पर शॉर्टलिस्ट किया। प्लेसमेंट ड्राइव की प्रक्रिया पूरी होने के बाद चयनित होने वाले विद्यार्थियों को ऑफर लेटर दिए जाएंगे।

### 69623 मीट्रिक टन गेहूं का उठान कार्य किया पूरा

# आवक जोरों पर, अब तक खरीदी 2 लाख 98 हजार 918 एमटी गेहूं

अनाज मंडियों में गेहू की आवक इस समय जोरों पर है। हर तरफ गेहू के ढेर लगे हुए है। जिले की अनाज मंडियों में गेहूं की आवक तेज हो गई है।


कुरुक्षेत्र। थानेसर अनाज मंडी में लगा गेहूं से भरे कट्टों का अंबार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

अनाज मंडियों में गेहू की आवक इस समय जोरों पर है। हर तरफ गेहू के ढेर लगे हुए है। जिले की अनाज मंडियों में गेहूं की आवक तेज हो गई है। मंडियों में अभी उठान की प्रक्रिया धीमी है जिससे मंडियों में हर तरफ अनाज दिखने लगा है।

लगातार मंडी में गेहूं की आवक हो रही है। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि गेहूं खरीद के सीजन में अब तक खरीद एजेंसियों द्वारा अलग-अलग खरीद केन्द्रों से कुल 2 लाख 98 हजार 918 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की है। इस खरीद में से विभिन्न एजेंसियों द्वारा 69623 मीट्रिक टन गेहूं का उठान कार्य पूरा कर लिया है। एजेंसियों द्वारा अब तक 37554 किसानों की गेहूं की फसल को खरीदा गया है। इस जिले में खरीद केन्द्रों पर गेहूं की खरीद का कार्य सुचारु रुप से चल रहा है। इन खरीद केन्द्रों पर किसान अपनी फसलों को लेकर अपने निर्धारित शेड्यूल के अनुसार खरीद केन्द्रों पर पहुंच रहे है।

जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारी सुरेंद्र सैनी ने कहा कि खरीद केन्द्रों पर अब तक खरीद एजेंसियां द्वारा 2 लाख 98 हजार 918 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है, जिसमें से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 1 लाख 65 हजार 539 एमटी, हैफेड द्वारा 1 लाख 24 हजार 428 एमटी, हरियाणा वेयर हाउसिंग द्वारा 8730 व ट्रेडर्स द्वारा 221 एमटी गेहूं की खरीद की गई है। उन्होंने कहा कि अजराना कला मंडी में 1685 एमटी, अमीन मंडी में 1380 एमटी, बाबैन मंडी में 13272 एमटी, बारना मंडी में 1007 एमटी, भौर सैयदां मंडी में 1803 एमटी, बोधनी मंडी में 3924 एमटी, चढुनी जाटान मंडी में 1092 एमटी, गुमथला गढु मंडी में 12220 एमटी, इस्माईलाबाद मंडी में 29763 एमटी, झांसा मंडी 4475 एमटी, कराह साहिब मंडी में 9925 एमटी, किरमच मंडी में 503 एमटी, कुरुक्षेत्र मंडी में 56189 एमटी, लाडवा मंडी में 33123 एमटी, लुखी मंडी में 928 एमटी, मलिकपुर मंडी में 3655 एमटी, नलवी मंडी में 312, नीमवाला में 3237 एमटी, पिहोवा मंडी में 77726 एमटी, पिपली मंडी में 14854 एमटी, शाहबाद मंडी में 20780 एमटी, थाना मंडी में 1510 एमटी, ठोल मंडी में 5555 एमटी गेहूं की खरीद की गई है।

**37554 किसानों की गेहूं की फसल को खरीदा**

मंडियों व खरीद केन्द्रों पर फसल को लेकर आने के लिए प्रशासन द्वारा एक शेड्यूल बनाया गया है, जिसके तहत ही किसानों को फसल बेचने के लिए बुलाया जा रहा है। अब तक खाद्य आपूर्ति विभाग ने 1 लाख 13 हजार 263 एमटी, हैफेड ने 99505 एमटी, हरियाणा वेयर हाउसिंग द्वारा 4997 एमटी व ट्रेडर्स ने 221 एमटी गेहूं में से 69623 मीट्रिक टन गेहूं का उठान कार्य पूरा कर लिया है, जिसमें से डीएफएससी द्वारा 37452, हैफेड द्वारा 31571, एचडब्लयूसी द्वारा 600 एमटी गेहूं का उठान कार्य पूरा कर लिया है। विभिन्न एजेंसियों द्वारा अब तक 37554 किसानों की गेहूं की फसल को खरीदा है।

### भाजपा सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करने का काम किया : रेखा बाल्मीकि



**कुरुक्षेत्र।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा हरियाणा की प्रदेश सचिव रेखा बाल्मीकि ने कहा कि पार्टी प्रत्याशी पूर्व सांसद नवीन जिंदल एक सच्चे जनसेवक हैं, जो सांसद बन कर कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र की जनता की पहले से और बेहतर सेवा करेंगे। वे पूर्व सांसद नवीन जिंदल और हरियाणा के राज्य मंत्री सुभाष सुधा का अभिनन्दन कर विचार व्यक्त कर रहीं थीं। रेखा बाल्मीकि ने कहा कि भाजपा सरकार की हर नीति जनहितैषी है। भाजपा सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करने का काम किया है, लोगों को ऑनलाइन तरीके से योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास रहा है कि केंद्र और प्रदेश की योजनाओं का लाभ आखिरी छोर पर बैठे हर व्यक्ति तक मिले। प्रदेश सचिव ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो सभी वर्ग के लोगों का भला करने में विश्वास रखती है।उन्होंने कहा कि जनता के सहयोग, समर्थन व आशीर्वाद से देश व प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र से नवीन जिंदल एक बड़ी जीत दर्ज करेंगे।

### 5वीं से 10वीं कक्षा के सभी बच्चों को आत्म साक्षात्कार की अनुभूति कराई



**कुरुक्षेत्र।** माताजी निर्मला देवी की अनुकंपा एवं आशीर्वाद से मोहन नगर स्थित मिनर्वा हाई स्कूल में कुंडलिनी जागृति यानि आत्म साक्षात्कार का कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह जानकारी ध्यान केंद्र कुरुक्षेत्र के समन्वयक आशुतोष गौड़ ने दी। उन्होंने बताया कि सभी सहजयोगी साधकों ने क्लास 5 से 10वीं कक्षा के सभी बच्चों को सहजयोग ध्यान की फाऊंडर माताजी निर्मला देवी द्वारा प्रदत्त सहजयोग के बारे में अवगत करवाया एवं कुंडलिनी जागृति यानि आत्म साक्षात्कार की अनुभूति करवाई। स्कूल के प्रधानाचार्य राजीव चावला ने सहजयोग टीम को आश्वासन दिया कि वे नित्य उनके विद्यालय में सहजयोग पद्धति द्वारा ध्यान क्रिया करवाई जाएगी, जिसका विद्यार्थी ज्यादा से ज्यादा लाभ उठा सकेंगे। कार्यक्रम में सुधीर, मानवी, आयुष, सुरेंद्र, नरेंद्र शर्मा, बलविंदर कौर, रूपचंद एवं आशुतोष गौड़ आदि उपस्थित रहे।

### कथा में सुनाया श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग



**कुरुक्षेत्र।** श्रीगौ गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सेक्टर- 8 हाउसिंग बोर्ड पार्क में संस्थापक अध्यक्ष भागवत प्रवक्ता वेदाचार्य अनिल शास्त्री ने श्रद्धालुओं को श्रीकृष्ण जन्म के प्रसंग का रसपान करवाया। सभी भक्तों ने मिलकर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव गाजे बाजे के साथ बहुत धूमधाम से मनाया। मुख्य यजमान के तौर पर नरेश गर्ग, मीनू गर्ग मौजूद रहे। कथावाचक अनिल शास्त्री ने श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनाई। विवाह के बाद कंस अपने रथ पर बासुदेव और देवकी के साथ जा रहे थे। तभी आकाश से घोर गर्जना होती है की कंस देवकी के गर्भ से जन्मीं आठवीं संतान तेरा काल बनकर तेरा नाश करेगी। कंस ने भय के वशीभूत होकर अपनी बहन देवकी एवं बासुदेव को कारागार मे डाल दिया।उधर देवकी ने आठवां गर्भ धारण किया तभी कंस ने सैनिकों को सावधान कर दिया की मेरा काल आ रहा है। भाद्रकृष्ण अष्टमी की मध्यरात्रि मे भगवान नारायण बालक के रूप मे प्रकट हुए और कहा कि मुझे गोकुल नंदबाबा के यहा छोड़ आए तथा वहा से योगमाया को साथ ले आए। तभी हाथों और पांवों को जकड़े हुईं बेड़िया खुल गई।

## रक्तदान पुण्य का कार्य : प्रो. सोमनाथ

- अम्बेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा है कि मानवता के कल्याण के लिए रक्तदान करना पुण्य का कार्य है। एक यूनिट रक्तदान करने से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है तथा रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं होती। वे शुक्रवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के डॉ. भीमराव अम्बेडकर अध्ययन केन्द्र व दिव्य कुरुक्षेत्र मिशन के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जयंती के उपलक्ष्य में क्रश हॉल में आयोजित एकदिवसीय रक्तदान शिविर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे।कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ ने कहा कि रक्तदान करने से स्वास्थ्य सही रहता होता है तथा इससे दिल की बीमारियों व स्ट्रोक के खतरे को कम किया जा सकता है। खून में आयरन की ज्यादा मात्रा दिल के दौरे के खतरे को बढ़ा सकती है तथा नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है जो स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। जरूरतमंद व्यक्ति के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि तत्काल रक्त की आवश्यकता होती है ऐसी स्थिति में रक्तदान के लिए लोगों को नैतिक जिम्मेदारी निभानी चाहिए।



कुरुक्षेत्र। रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

### केयू विधि संस्थान ने अंतरराष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता में जीते पुरस्कार

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पंचवर्षीय विधि संस्थान ने यूनाइटेड वर्ल्ड स्कूल ऑफ लॉ, करनावती विश्वविद्यालय, गांधीनगर, गुजरात द्वारा आयोजित द्वितीय अंतरराष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता, 2024 में अनेक पुरस्कार जीतकर शानदार उपलब्धि हासिल की। यह प्रतियोगिता गत सप्ताह आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में कुल 26 टीमों ने भाग लिया जिसमें नेपाल एवं तन्जानिया से 06 टीमें तथा विभिन्न राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों की टीमें शामिल थीं। यह प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता के विषय पर आधारित थी। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने टीम एवं उनके माता-पिता को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि पहली बार किसी अंतरराष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता में इतनी शानदार जीत प्राप्त करना महत्वपूर्ण है। पूरी प्रतियोगिता के दौरान होने वाले विभिन्न राऊंड्ज में तर्कों को योजनाबद्ध तरीके से बनाना, टीम की कड़ी मेहनत को दशार्ता है। इस अवसर पर प्रो. संजीव शर्मा, सह-संयोजक डॉ. नीरज बातिश, डॉ. तृप्ति चौधरी, आदित्य लूदरी तथा दिव्यम भाटिया मौजूद रहे।

## पब्लिक मीटिंग से पहले लेनी होगी अनुमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि सभी राजनीतिक दलों को आदर्श आचार संहिता की सख्ती से पालना करनी होगी। सभी राजनीतिक दलों को पब्लिक मीटिंग से पहले नियमानुसार अनुमति लेनी होगी। अगर किसी भी स्तर पर कुरुक्षेत्र जिले में चुनावों से संबंधित नियमों की अवहेलना हो रही है तो कोई भी व्यक्ति टोल फ्री नंबर 1950 पर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा लघु सचिवालय उपायुक्त कार्यालय में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि आदर्श आचार संहिता का दृढ़ता से पालन किया जाना चाहिए। किसी भी प्रकार की सरकारी व गैर सरकारी संपत्ति पर किसी भी तरह का विरूपण ना किया जाए, यदि कोई राजनीतिक दल ऐसा करता पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कोई भी उम्मीदवार किसी भी प्रिंटिंग प्रेस से चुनाव संबंधी प्रचार सामग्री छपवाता है तो उससे संबंधित प्रिंटिंग प्रेस को लिखित में देना होगा कि कितनी प्रतियां छपवाई जानी है।


कुरुक्षेत्र। राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते उपायुक्त शांतनु शर्मा।

**सोशल मीडिया की रहेगी विशेष निगरानी**

**कुरुक्षेत्र।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव को प्रदेश में पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने को लेकर हरियाणा के सभी जिलों व मुख्य निर्वाचन कार्यालय का प्रशासन पूरी तरह से गंभीर है। आदर्श आचार संहिता की पालना को लेकर भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार साइबर सैल सहित विभिन्न टीमों द्वारा सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित विज्ञापनों का खर्चा भी संबंधित उम्मीदवार या पार्टी के खाते में जोड़ा जाएगा। कोई भी उम्मीदवार व पार्टी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भ्रामक चुनाव सामग्री का प्रसारण नहीं कर सकते।

## शांतिपूर्ण मतदान के प्रति सचेत रहें

- प्रदेश में 29 अप्रैल से होगी नामांकन की प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरप्रीत कौर ने कहा कि लोकसभा चुनावों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने में प्रेजाइडिंग और अल्टरनेट प्रेजाइडिंग अधिकारियों की अहम जिम्मेदारी होगी। इन अधिकारियों को पूरी मेहनत, ईमानदारी और लगन के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन करना होगा और इन चुनावों को पारदर्शी प्रणाली और निष्पक्षता के साथ संपन्न करवाना होगा। किसी भी स्तर पर लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। मुख्य कार्यकारी अधिकारी शुक्रवार को न्यू लघु सचिवालय के सभागार में जिला निर्वाचन कार्यालय की तरफ से आयोजित प्रशिक्षण शिविर में बोल रही थी। उन्होंने कहा कि चुनाव का पर्व देश का गर्व है, सभी नागरिकों को 25 मई के दिन अपने-अपने बूथों पर जाकर अपने मत का प्रयोग अवश्य करना है। उन्होंने कहा कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए हरियाणा प्रदेश में 29 अप्रैल से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगा और 25 मई को मतदान तथा 4 जून को मतगणना की जाएगी। इन चुनावों को लेकर सभी प्रेजाइडिंग और अल्टरनेटर प्रेजाइडिंग अधिकारियों को अपनी ड्यूटी पर तत्पर रहना होगा। सभी अधिकारियों को ईवीएम मशीनों की विस्तार से जानकारी होनी चाहिए।



### सभी पंचायतों के समान रूप से विकास कार्य करवाए जाएंगे: संदीप गर्ग



**लाडवा।** भाजपा नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने अनाजमंडी स्थित अपने कार्यालय पर लाडवा ब्लॉक के लगभग 20 सरपंचों से मुलाकात कर गांवों की समस्याओं बारे सुना। भाजपा नेता संदीप गर्ग ने कहा कि अभी आचार संहिता लगी हुई है। जिसके कारण अभी कामों में थोड़ी देरी हो सकती है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव खत्म होते ही हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर लाडवा हल्के के जितने भी गांव है, सभी पंचायतों का समान रूप से विकास कार्य करवाने का काम किया जाएगा। उन्होंने सरपंचों की समस्याओं को न केवल विस्तार से सुना। बल्कि उन्हें अपने पास नोट भी किया और कहा कि सभी सरपंच इस बात के लिए निश्चित रहे कि सभी गांव का समान रूप से विकास करवाया जाएगा। मौके बपदी सरपंच राजिन्द्र, घडौला सरपंच सूरज, संभालखा सरपंच सोहन लाल, जोगिमाजरा सरपंच पुनीत शर्मा, गजलाना सरपंच प्रेमचंद, छलौंदी सरपंच रामचन्द्र, ध्यांगला सरपंच राजपाल, भूतमाजरा सरपंच अनिल शर्मा, सूरा सरपंच नीतिन पुनिया, डूड सरपंच गुलफान, डूडी सरपंच जयनारायण आदि मौजूद थे।

### जीओ गीता का रामनवमी विशेष सत्संग-संकीर्तन आयोजित

# आदर्शों की स्थापना करने को हुआ राम का अवतार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के सानिध्य में श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार द्वारा सेक्टर 13 में विशेष सत्संग-संकीर्तन का आयोजन किया गया। संकीर्तन में गीता मनीषी स्वामी ज्ञाननंद महाराज ने विशेष रूप से श्रद्धालुओं को प्रवचनों से सराबोर किया। गीता मनीषी ने कहा कि भगवान राम का अवतार केवल रावण वध के लिए नहीं हुआ, बल्कि राम अवतार तो समाज में मयार्दाओं एवं आदर्शों की स्थापना करने के लिए हुआ। संकीर्तन का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आत्म प्रकाश मनचंदा, पूर्व मंत्री संदीप सिंह, पवन वधवा, रवि बत्तान, सुरेंद्र सुधा काका, राकेश सिरसला, जितेंद्र ढींगरा एवं महेंद्र सिंगला ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। संकीर्तन के दौरान वृंदावन धाम के सुप्रसिद्ध रसिक रतन झिंझाना द्वारा गाए भजनों से पंडाल में हजारों श्रद्धालु भक्ति रस में झूमे। शाहाबाद के विख्यात रसिक जनों में शुमार सागर कोहली द्वारा भगवान राम व भगवान कृष्ण की वंदना में प्रस्तुत किए भजनों पर श्रद्धालु जमकर थिरके। गीता मनीषी स्वामी ज्ञाननंद ने भगवान राम की महिमा पर बात करते हुए उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया।


कुरुक्षेत्र। पूर्व सांसद नवीन जिंदल को श्रीमद्भगवद्गीता भेंट करते गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज।

**जय श्री कृष्ण से हो एक दूसरे का अभिवादन : छाबड़ा**

संकीर्तन में मंच संचालन का कार्य बखूबी निभाते हुए 48 कोस तीर्थ कमेटी के चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा ने कुरुक्षेत्र की पावन धरा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि अगर हरिद्वार में जाएं, तो हर हर गंगे कहा जाता है, वृंदावन में जाएं तो प्रत्येक व्यक्ति राधे-राधे कहता है और इसी तरह काशी में जाना हो तो हर किसी की जुबान पर हर हर महादेव गुंजायमान होता है। मगर यहां कुरुक्षेत्र भगवान कृष्ण और उनके मुखारविंद से निकली गीता की उपदेश स्थली होने के बावजूद यहां जय श्री कृष्ण नहीं, अपितु नमस्ते कहा जाता है। छाबड़ा ने कहा कि हम कुरुक्षेत्र वासियों को नमस्ते की बजाय एक दूसरे का जय श्री कृष्ण कह कर अभिवादन करना चाहिए।

**ज्ञानानंद ने भगवत गीता भेंट कर सम्मानित किया**

उन्होंने कहा कि राम अस्मिता हैं, राम समरसता हैं, राम सद्भावना हैं, राम परंपरा हैं और इतना ही नहीं भवन श्री राम हमारा स्वाभिमान है। इस दौरान पूर्व सांसद नवीन जिंदल एवं अन्य मुख्य अतिथियों को गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने भगवत गीता भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर धर्मवीर मिजार्पुर, धर्मवीर डागर, संजीव सीकरी, जय सिंह पाल, अनु मल्याण, खरैती लाल सिंगला, गुरदयाल सुनहेड़ी, डा. स्वदेश ललित, राधेश्याम वधवा, सतीश मदान, सुशील सूद, बिट्टू कौशिक, विशाल सिंगला, विनोद गर्ग, अनिरुद्ध कौशिक, जगमोहन बंसल, पवन भारद्वाज, गुलशन ग्रोवर, राजकुमार सिक्का, मुलख राज अनेजा, रजनीश गुप्ता, सुरेंद्र बतरा एवं मुकेश कुमार सहित श्रद्धालु मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### धमकी देने के मामले में आरोपी शामिल जांच

**अंबाला।** थाना पंजोखरा में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी नीरज उर्फ हन्नी व अजीत कुमार को शामिल जांच किया है। डिफेंस कॉलोनी के विक्रम ने 7 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 3 अप्रैल 2024 को आरोपी नीरज उर्फ हन्नी व अन्य ने उससे मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### 144 बोतल शराब सहित आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना साहा क्षेत्र से सीआईए-1 ने आरोपी नवीन कुमार को 144 बोतल अवैध शराब सहित काबू किया है। आरोपी को अब जेल भेज दिया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी शराब तस्करी का कारोबार करता है। इसी आधार पर पुलिस ने आरोपी को रंगे हाथों काबू करने का निर्णय लिया। रेड के दौरान ही आरोपी शराब समेत पकड़ा गया। उसके खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किा गया है।

### तेजधार हथियार से हमला कर किया घायल, केस दर्ज

**जींद।** अनाज मंडी में तेजधार हथियार से हमला कर घायल करने पर सदर थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हकीकत नगर निवासी कपिल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके भाई की अनाज मंडी मे दुकान है। वह कार्यवश दुकान पर गया हुआ था। उसके भाई ने गेहूं में पंखा लगाया हुआ था।

### नकदी- चार तौले सोना लेकर विवाहिता लापता

**कैथल।** सीवन थाना के तहत आने वाले एक गांव से एक विवाहिता पांच लाख रुपये व चार तौले सोना लेकर घर से चली गई। पुलिस ने लापता का केस दर्ज कर लिया है। एक युवक ने पुलिस को शिकायत दी कि 18 अप्रैल को 30 वर्षीय भाभी बिना बताए घर से चली गई और वापस नहीं लौटी। वह अपने साथ घर से पांच लाख रुपये व चार तौले सोना भी ले गई।

### किसानों ने ठेकेदार के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग की

# तंदवाल-बनौंदी अंडरपास के निर्माण को लेकर बढ़ा विरोध

साजिशन अंडरपास की उंचाई कम करने का आरोप, चढ़ूनी बोले उंचाई कम होने से नहीं निकल पा रहे वाहन, बातचीत के बाद हाइवे जाम करने का फैसला स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

अंबाला – देहरादून नेशनल हाईवे पर अंडर पास की ऊंचाई को लेकर किसानों ने ठेकेदार का विरोध शुरू कर दिया है। भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी गुट की ओर से निर्माण ठेकेदार के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग की है। किसानों का आरोप है कि अंबाला से देहरादून के लिए बनाए जा रहे नेशनल हाईवे पर शहजादपुर के गांव तंदवाल बनौदी में अंडर पास की ऊंचाई



**अंबाला।** अंडरपास निर्माण के पास जमा किसान।

साढ़े 3 मीटर होनी थी लेकिन ठेकेदार ने ऊंचाई करने की बजाय एक मीटर जमीन की खुदाई कर दी। इसकी वजह से ग्रामीणों को वाहन निकालते हुए काफी दिक्कत झेलनी पड़ रही है। यहां किसानों की पुलिस-प्रशासन के साथ बातचीत हुई। इसके बाद किसानों ने जाम लगाने का फैसला स्थगित कर दिया। किसान नेता गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने कहा कि जाम लगाने के फैसले को स्थगित कर दिया है। कहा कि प्रशासन फोर्स लेकर पहुंचा था। प्रशासन ने लिखित में समस्याएं मांगी हैं। कहा कि पॉलिसी में पानी की निकासी और रास्ता एक ही जगह कर दिया है। सड़क की 33 फीट की जगह 18 फीट कर दी गई है। अंडर पास की ऊंचाई कम कर दी गई है। प्रशासन ने मीटिंग कराने का आश्वासन दिया है। मीटिंग होने पर हाईवे का निर्माण कार्य बंद रहेगा। चढ़ूनी ने कहा कि अगर प्रशासन धक्का शाही करता है तो एकजुट होकर लड़ाई लड़नी चढ़ूनी ने विरोध के लिए अंबाला, पंचकूला, यमुनानगर और कुरुक्षेत्र के किसानों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में गांव तंदवाल बनौदी में पहुंचने की बात कही थी।

#### पुल साढ़े 3 मीटर ऊंचा होना था

चढ़ूनी ने कहा कि यह ठेकेदार और प्रशासन की धक्काशाही है। 33 फीस की सड़क पर मात्र 6 फीट ऊंचा पुल बनाया गया है, जबकि नियम के अनुसार यह पुल साढ़े 3 मीटर ऊंचा होना था। अब इस पुल के नीचे से कार, ट्रैक्टर, स्कूल बस तक नहीं निकल सकती। चढ़ूनी ने कहा कि पुल बनाने पर पहले भी झगड़ा हुआ था। अब फिर ऊंचाई कम कर दी गई। उन्होंने कहा कि जनता का रास्ता बंद कर देना,इससे बड़ा अन्याय और गुंडागर्दी नहीं हो सकती। कहा कि साढ़े 3 मीटर के पैसे लते हैं लेकिन पुल ढाई मीटर का बनाते हैं। यह मुख्यमंत्री नायब सिंह का एरिया है। हाईवे बनाने वालों के खिलाफ मामला दर्ज करना चाहिए,लेकिन प्रशासन उल्टा ठेकेदारों की मदद कर रहा है।

# फर्जी दस्तावेजों के जरिए जमीन बेचने का प्रयास, फर्जीवाड़ा पकड़े जाने पर डील कैंसिल

- अब आरोपियों पर 20 लाख रुपये का फ्रॉड करने का आरोप, पैसे वापिस मांगने पर मिल रही हैं धमकियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

जननायक जनता पार्टी के पूर्व हल्का अध्यक्ष से उनकी ही पार्टी के वर्कर ने जमीन बेचने की एवज में लाखों रुपए हड़पने का आरोप लगाया है। उसका आरोप है कि जांच के दौरान जमीनी दस्तावेज भी फर्जी पाए गए। जमीन का मालिक पिछले 20 साल से कनाडा में रह रहा है। जजपा के पूर्व हल्का अध्यक्ष रवि बब्याल ने बताया कि गांव टुंडला के रविंद्र सिंह के साथ जजपा के वर्कर संजीव कौशिक ने जमीनी सौदेबाजी की 3.15 करोड़ रुपए में डील करवाई थी। डील के मुताबिक 50 लाख रुपए बयाना देना था। उसमें से 20 लाख रुपए आरोपियों को दे दिए थे लेकिन जब जमीन पर गए तो पता चला कि जमीन का मालिक कनाडा में रह रहा है। रवि कुमार ने बताया कि वह रविंद्र सिंह के साथ जमीन की खरीद फरोख्त का कारोबार करता है। संजीव कौशिक भी उनका जानकार है। उसकी गांव करधान में डॉक्टर की दुकान है। संजीव कौशिक भी जजपा पार्टी से जुड़ा हुआ है। कौशिक ने 7 अगस्त 2023 को फोन कर उन्हें बताया था कि उसके जानकार के पास गांव सद्दोपुर अंबाला-चंडीगढ़ हाईवे के पास 8 बीघा 7 बिसवा जमीन है। यह जमीन उसने नवीन कुमार, अमित गौतम व सूरज कुमार के साथ मिलकर चंडीगढ़ के राजेश से खरीदी हुई है। आरोपियों ने उसे कहा कि अब वे उस जमीन को बेचना चाहते हैं। शिकायतकर्ता ने बताया कि 10 अगस्त 2023 को उनकी पीडब्लयूडी रेस्ट हाउस में आरोपियों के साथ मीटिंग हुई। यहां जमीन की 3.15 करोड़ रुपए में खरीदने की डील फाइनल हुई। 5 लाख रुपए का अग्रिम भुगतान किया गया।

- जजपा के वर्कर संजीव कौशिक ने जमीनी सौदेबाजी की 3.15 करोड़ रुपए में डील करवाई थी

#### आरोपियों को दे चुके थे 45 लाख

आरोपियों को 44 लाख रुपए का चेक और एक लाख रुपए कैश दिए। 18 अगस्त 2023 को जमीन की रजिस्ट्री करानी थी। बकाया राशि रजिस्ट्रार के समक्ष देनी थी। इसमें से आरोपियों ने 17.10 लाख का चेक, 2.90 लाख और 20 लाख कैश 18 अगस्त तक ले लिया। वे 24 अगस्त को जमीन की पैमाइश कराने के लिए मौके पर गए तो वहां उन्हें मुकेश आनंद नाम का व्यक्ति मिला। उसने बताया कि भूमि मालिक राजेश तो 20 सालों से कनाडा में रहता है। आनंद ने उन्हें बताया कि राजेश उसके बाद भारत भी नहीं आया है। वह इस परिवार को अच्छी तरह जानता है। उसने उनकी मुलाकात जमीन राजेश के भाई पीसी महाजन से 26 अगस्त को करवाई। महाजन ने बताया कि मुख्त्यारेआम पर न तो उसके भाई राजेश की फोटो है और न ही आधार कार्ड व पैन कार्ड पर उसके भाई राजेश की फोटो है। जन्म तिथि तक नहीं है। जमीन के दस्तावेजों पर फर्जी साइन है। उन्होंने कनाडा में राजेश से फोन पर बात की तो उसने जमीन बेचने से मना कर दिया। रवि ने बताया कि जब उसने आरोपी संजीव कौशिक से बात की तो कहा कि सभी दस्तावेज सही होने की बात कही। उसने चेक की सभी पेमेंट कैंसिल करवा दी। आरोपियों से 20 लाख रुपए वापस मांगे। इसमें आरोपियों ने 5 लाख रुपए नकद और 35 लाख रुपए के चेक दिए। यह चेक दिसंबर 2023 के पहले सप्ताह में लगाने को कहा था। जब उसने चैक खाते में लगाए तो उससे पहले आरोपियों ने बैंक से चैक की राशि स्टॉप पेमेंट करवा दी। अब आरोपी उसे जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं।

## आचार संहिता की उल्लघंना पर कार्रवाई करें फ्लाइंग स्क्वायड

- सहायक रिटर्निंग अधिकारी ने जांच टीमों को दिए कड़े निर्देश, सी विजिल एप पर होने पर हर शिकायत पर हो कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

सहायक रिटर्निंग अधिकारी दर्शन कुमार ने शुक्रवार को फ्लाइंग स्कवायड टीम व अन्य अधिकारियों की एक बैठक लेते हुए आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव के दृष्टिगत जिन अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटियां लगाई गई है वह अपनी डयूटी का बखूबी निवर्हन करें। लोकसभा आम चुनाव का सभी के बेहतर समन्वय के साथ सफलतापूर्वक आयोजन करवाया जा सकता है। उन्होंने स्कवायड टीम में शामिल सभी सदस्यों को निर्देश दिए कि वे फील्ड में रहकर हर गतिविधि पर ध्यान रखते हुए चुनाव आयोग की हिदायतों अनुसार कार्य करना सुनिश्चित करें। कहीं पर भी यदि आदर्श आचार संहिता की उल्लघंना हो रही है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई भी अमल में लाएं। उन्होंने इस दौरान यह भी कहा कि सी-विजल एप पर जो भी शिकायत उन्हें प्राप्त होती हैं वे मौके पर पहुंचकर उसका निदान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने आमजन से भी अपील की है कि वे भी आदर्श आचार संहिता की पालना करें। इस मौके पर सहायक रिटर्निंग अधिकारी ने यह भी कहा कि चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से करवाना हमारा दायित्व है। अधिकारियों व कर्मचारियों को चुनाव के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर जो जिम्मेवारी सौंपी गई।

### जजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ने छोड़ी पार्टी

**अंबाला।** जजपा को यहां भी बड़ा झटका लगा है। 2019 में अंबाला शहर विधानसभा सीट से पार्टी के निशान पर चुनाव लड़ने वाले और वर्तमान में पार्टी के प्रदेश महासचिव हरपाल कांबोज ने जजपा से इस्तीफा दे दिया है। प्रेस कांफ्रेंस कर हरपाल कांबोज ने यह घोषणा की। कांबोज ने कहा कि उन्होंने अपना इस्तीफा पार्टी सुप्रीमो डॉ. अजय चौटाला को भेज दिया है। पिछले 20 से 25 वर्षों से वह देवीलाल परिवार से जुड़े हुए थे। जजपा के गठन से ही वे अजय चौटाला और दुष्यंत के साथ थे। कांबोज पार्टी के 4 साल जिलाध्यक्ष भी रहे। कांबोज ने कहा कि सबसे पहले उन्होंने यहां जजपा का झंडा उठाया था। राजनीति भाइयों के साथ होती है। फैसला भी भाइयों के कहने पर ही लिया है। इस्तीफा देने के पीछे क्या कारण रहे हैं इस पर उन्होंने ने कहा कि कोई खास कारण नहीं है।

## स्टार्टअप्स का संचालन कर उसे सफल बनाना चुनौती पूर्ण काम

- जीएमएन कॉलेज में स्टार्टअप की सफलता के लिए मेंटरिंग पर आयोजित हुआ सेमीनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में आईईडीसी और अर्थशास्त्र विभाग द्वारा स्टार्टअप्स की सफलता के लिए मेंटरिंग पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को स्टार्टअप के लिए गाइड करना और उन्हें सही दिशा में आगे बढ़ाना था। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने मुख्य अतिथि का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत कर आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि स्टार्टअप्स का संचालन करना और उन्हें सफल बनाना एक बड़ा चुनौती पूर्ण काम है। इस क्षेत्र में समझदारी और मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। यहां मेंटरिंग का महत्व उत्कृष्ट होता है। मेंटर्स उद्यमिता के अनुभव को सांझा करते हैं । एए विचारों को प्रोत्साहित करते हैं। सफलता के लिए आवश्यक निर्देश प्रदान करते हैं। इस सेमिनार में मुख्य वक्ता के तौर पर उद्योगपति डॉ अनिल जैन ने शिरकत की ।उन्होंने अपने अनुभवों के साथ स्टार्टअप्स के लिए मेंटरिंग के महत्व को बड़े ही ज्ञानवर्धक ढंग से सांझा किया ।कार्यक्रम की संयोजिका प्राध्यापिका नीलम ने बताया कि यह सेमिनार निश्चित तौर पर विद्यार्थियों को स्टार्टअप्स के लिए मेंटरिंग की महत्ता को समझने और उन्हें सफल एंटरप्रेन्योर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सेमिनार मे मंच संचालन उदय प्रताप सिंह के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में सुजाता गोयल ,डॉ सीमा कंसल एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।



अंबाला। कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्र व वक्ता।

- मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को स्टार्टअप के लिए गाइड करना और उन्हें सही दिशा में आगे बढ़ाना था

## महात्मा हंसराज ने डीएवी संस्था के लिए अर्पित कर दिया संपूर्ण जीवन

- डीएवी स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया महात्मा हंसराज का जयंती समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारायणगढ़

डीएवी सीनियर सैकेंडरी पब्लिक विद्यालय में शुक्रवार को तप एवं त्याग की प्रतिमूर्ति महात्मा हंसराज जयंती हर्षोल्लास एवं श्रद्धापूर्वक मनाई गई ।

स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. आरपी राठी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों द्वारा विशेष प्रार्थना सभा में भजन ,कविता और भाषण द्वारा अपने भावों की अभिव्यक्ति दी। महात्मा हंसराज के जीवन पर प्रकाश डाला ।बच्चों ने महात्मा हंसराज जी के जीवन को प्रस्तुत करते हुए पेंटिंग के माध्यम से अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया ।प्रधानाचार्य डॉ. राठी ने महात्मा हंसराज जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आर्य प्रदर्शित प्रतिनिधि सभा एवं डीएवी कॉलेज प्रबंध समिति के द्वारा 20 अप्रैल को पानीपत में 'समर्पन दिवस' आयोजित होने जा रहा है। इसमें पद्मश्री डॉक्टर पूनम सूरी (प्रधान आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि सभा एवं डीएवी कॉलेज प्रबंधक समिति )संबोधित करेंगी। उन्होंने विद्यार्थियों व अभिभावकों से समर्पन दिवस समारोह में सम्मलित होने का आग्रह किया और कहा कि हसंराज समर्पण दिवस मनाना हम सब के लिए हर्ष का विषय है क्योंकि महात्मा हंसराज ने डीएवी संस्था के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया था। हमें ऐसे महापुरुष के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए । उन्होंने बच्चों को उनके त्याग, संकल्प एवं संघर्ष की भावना से शिक्षा ग्रहण की बात कही।



**नारायणगढ़।** कार्यक्रम में प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

## लोकतंत्र में प्रत्येक वोट का महत्व, चुनाव में प्रत्येक मतदाता को करना चाहिए मतदान



**शहजादपुर।** मतदान के लिए छात्रों को प्रोत्साहित करती प्रिंसिपल व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶। शहजादपुर

राजकीय महिला महाविद्यालय की प्रिंसिपल रजनी भल्ला ने कहा कि चुनाव में प्रत्येक मतदाता को अपने मत का प्रयोग कर सरकार बनाने में योगदान देना चाहिए। उन्होने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक वोट का अपना महत्व है और एक वोट भी किसी उम्मीदवार की हार-जीत तय कर सकती है। प्रिंसीपल रजनी भल्ला महाविद्यालय की निर्वाचन समिति व नागरिक प्रशासन विभाग के संयुक्त तत्त्वावधान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदाता कैंप में उपस्थित छात्राओं और स्टाफ सदस्यों को सम्बोंधित कर रही थी। कैंप में लोकसभा चुनाव प्रक्रिया के बारे में छात्राओं को जानकारी दी गई और नव मतदाता के रूप में पहली बार अपने मत का प्रयोग करने जा रही छात्राओं को पूरी मतदान प्रक्रिया से अवगत कराया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या रजनी भल्ला ने इस अवसर पर कहा कि समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन से छात्राओं को अपने राजनैतिक अधिकारों व कर्तव्यों की जानकारी मिलती है जिससे उनके अच्छे नागरिक बनने का मार्ग प्रशस्त होता है।

## छात्रों को पंछियों की भांति उड़ान भरने के लिए तैयार कर रहा है स्कूल

- मुरलीधर डीएवी स्कूल में महात्मा हंसराज जयंती के साथ मनाया स्कूल का स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

मुरलीधर डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रांगण मे महात्मा हंसराज जयंती व विद्यालय स्थापना दिवस अति हर्षोल्लास से मनाया गया। सर्वप्रथम छात्र द्वारा महात्मा हंसराज के त्याग को स्मरण करते हुए छात्रों द्वारा समूह गान प्रस्तुत किया, तत्पश्चात डीएवी विद्यालय के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य मे छात्रों ने विद्यालय के संगीत अध्यापक दिनेश द्वारा रचित गीत प्रस्तुत किया। विद्यालय का वार्षिक एक्टिविटी कैलेंडर का विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. आरआर सूरी व विद्यालय के सभी कोऑर्डिनेटर, स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर मंजू व सीमा द्वारा विमोचन किया गया। इस कैलेंडर का डिज़ाइन डॉ. सूरी व सीमा व मंजू द्वारा तैयार किया गया था। तत्पश्चात इन सभी के द्वारा केक काटा गया व विद्यालय का स्थापना दिवस मनाया गया। छात्रों का उत्साह देखते ही बनता था वे अति उत्साहित लग रहे थे। सूरी ने छात्रों को विद्यालय के स्थापना दिवस की बधाई दी। महात्मा हंसराज जी को स्मरण करते हुए कहा कि हम सब में हंसराज कि भांति निस्वार्थ भाव की भावना के साथ त्याग की भावना होनी चाहिए। उनके जीवन की बातों को हमें अपने जीवन मे अमल करना चाहिए। डीएवी की जो नैतिक शिक्षा के माध्यम से छात्रों को नैतिक शिक्षाएं दी जाती है। उन्हें धारण करते हुए जीवन मे आगे बढ़ना चाहिए व एक सफल नागरिक बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि डीएवी भी अपने छात्रों को पंछियों की भांति उड़ान भरने के लिए तैयार करते है। उनके पंखों को मजबूत अर्थात उनमे भौतिकवादी भी व आध्यात्मिक व धार्मिक प्रवृति को छात्रों मे उत्पन्न करती है जिनके माध्यम से वह जीवन मे एक उंची उड़ान भरने मे सक्षम होते हैं।



**अंबाला।** स्कूल के स्थापना दिवस पर उत्साहित छात्र व शिक्षक।

### युवक ने फांसी लगाकर जीवन लीला की समाप्त

**पूंडरी।** पूंडरी में स्थित सदर बाजार में चाय की दुकान चलाने वाले एक 40 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक की पहचान गुरदीप सिंह गांव शाहय जिला जींद के रूप में हुई है। जो पूंडरी के साथ गांव फतेहपुर में ही शादीशुदा था। जिसके दो बच्चे एक लडका व लडकी है। जो लगभग 8 महीने पहले पूंडरी में आकर किराये के मकान में रहने लगा था और शदर बाजार मार्केट में चाय की दुकान चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा था। परिवार वालों ने बताया कि हर रोज की तरह सुबह लगभग 6 बजे घर से दुकान पर आया था, उसके थोड़ी देर बाद पता चला कि उसने दुकान में पंखे से लटकर फांसी लगा ली है। मृतक की पत्नि व बच्चे दौडकर दुकान पर पहुंचे और एक पड़ौसी की मदद से उसे फांसी से उतारा, लेकिन तक तक उसकी मौत हो चुकी थी। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर ही सीन आफ क्राइम की टीम को बुलाया और टीम ने जरूरी साक्ष्य जुटाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए कैथल अस्पताल में भेज दिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### आर्य गर्ल्स कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

# बेस्ट एथलीट बनी अराधना, 100,200 व 400 मीटर रेस में बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

अंबाला छावनी के आर्य गर्ल्ज कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का शानदार उद्घाटन हुआ। प्राचार्या अनुपमा आर्य ने कहा कि देश में खेलों का इतिहास वैदिक युग से मिलता है। खेल प्रतियोगिता से टीम भावना तथा सहकारिता की भावना का विकास होता है। देश खेलों की भूमि कहा जाता है। जीतने वाले कभी हौंसला नहीं हारते और हौंसला हारने वाले कभी नहीं जीतते। प्रतियोगिता के प्रथम दिन 400 मीटर, 200 मीटर, 100 मीटर की हिट्स हुई। दूसरे दिन लंबी कूद, उंची कूद, डिसकस थ्रो, शॉर्ट पुट, लेमन रेस हुई।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर चीफ रिजनल मैनेजर कुमार सत्यम पहुंचे। विशिष्ट अतिथि की भूमिका शाखा प्रबंधक प्रबल भार्गव ने निभाई। इस दौरान चेतन जौली व डीएसओ परवीन भी विशेष तौर पर मौजूद रहे। खिलाड़ियों द्वारा मार्च पास्ट शपथ भी ली। प्राचार्या द्वारा आए हुए अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि कुमार सत्यम ने कहा कि जिंदगी में आगे बढ़ने के लिए प्रतियोगिताओं में भाग लेना बहुत जरूरी है। हमेशा स्वयं पर विश्वास करो कभी असत्य न बोलो, हमेशा टीम में कार्य करते हुए आगे बढ़ो। अपने अंदर किसी को गिराने का भाव न रखकर साथ लेकर चलने का भाव रखें। डॉ. सरिता चौधरी ने कहा कि इस तरह के खेलों में भाग लेने से खिलाड़ियों में धैर्य और साहस का विकास होता है। तनाव कम होता है और मानसिक शांति मिलती है। शुक्रवार को 400 मीटर रेस में प्रथम पुरस्कार आराधना को मिला। अंजलि को दूसरा व खुशी को तीसरा स्थान मिला। 200 मीटर रेस में प्रथम आराधना, , द्वितीय हरप्रीत, तृतीय अंजलि रही, 100 मीटर रेस में प्रथम आराधना, द्वितीय हरप्रीत व तृतीय छवि रही, लोंग जंप में प्रथम साक्षी, द्वितीय यामीन व तृतीय महक रही।

हाई जंप में प्रथम साक्षी, द्वितीय अंजलि, तृतीय सिमरन रही। इसी तरह शॉर्टपुट में प्रथम तान्या, द्वितीय शालिनी, तृतीय लवली रही। डिसकस थ्रो में प्रथम तान्या, द्वितीय मोनिका, तृतीय महक रही। स्पून लेमन रेस में प्रथम सिमरन कौर, द्वितीय आंचल, तृतीय आंचल रही। बुक बैलेंस में प्रथम काजल, , द्वितीय आंचल रही।





**अंबाला।** बेस्ट एथलीट को सम्मानित करती प्राचार्य व उंची कूद लगाती खिलाड़ी।